**बिहार सरकार**
**<u>खान एवं भूतत्व विभाग।</u>**

पत्रांक–प्र0–01–रा0(वि0)–19 / 2024–4072 / एम0, पटना, दिनांक–25/07/25

प्रेषक,

भारत भूषण प्रसाद,
सरकार के अपर सचिव।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग,
बिहार, पटना।

विषयः– खान एवं भूतत्व विभाग में प्रतिनियुक्ति के आधार पर अपर निदेशक (खनिज विकास) के 01 (एक) पद एवं उप निदेशक (खनिज विकास) के 01 (एक) पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन समर्पित करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि खान एवं भूतत्व विभाग में प्रतिनियुक्ति के आधार पर अपर निदेशक (खनिज विकास) के 01 (एक) पद एवं उप निदेशक (खनिज विकास) के 01 (एक) पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन समर्पित करने के संबंध में सूचना प्रकाशित करने हेतु सूचना संलग्न कर भेजी जा रही है।

अतः अनुरोध है कि हिन्दी एवं अंग्रेजी के राज्यान्तर्गत एवं राष्ट्रीय स्तर के सभी संस्करणों के दैनिक समाचार पत्रों में यथाशीघ्र विज्ञापन प्रकाशित कराने की कृपा करना चाहेंगे।

अनुलग्नकः–यथोक्त।

विश्वासभाजन

25/07/25

सरकार के अपर सचिव

**बिहार सरकार**
**खान एवं भूतत्व विभाग**

## अपर निदेशक (खनिज विकास) एवं उप निदेशक (खनिज विकास) के पद पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति हेतु सूचना

खान एवं भूतत्व विभाग, बिहार, पटना अन्तर्गत स्वीकृत/रिक्त अपर निदेशक (खनिज विकास) के 01 (एक) पद एवं उप निदेशक (खनिज विकास) के 01 (एक) पद पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति हेतु योग्य पदाधिकारियों से विहित प्रपत्र (वेबसाईट पर उपलब्ध) में आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

2. **योग्यता/पात्रताः**—निम्नलिखित कार्यालयों/क्षेत्रों में कार्यरत पदाधिकारी प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के लिए योग्य होंगेः—

(क) i. भारत सरकार अथवा अन्य राज्य सरकार के खान एवं भूतत्व संवर्ग के पदाधिकारी।

ii. खनन एवं भूतत्व से जुड़े भारत सरकार एवं राज्य सरकारों के सार्वजनिक क्षेत्र की कम्पनियाँ यथा—कोल इंडिया लिमिटेड, जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, मिनिरल एक्सप्लोरेशन कॉरपोरेशन लि0 इत्यादि।

(ख) अपर निदेशक (खनिज विकास) पद हेतु वेतन स्तर—13 एवं समकक्ष के पदाधिकारी तथा उप निदेशक (खनिज विकास) पद हेतु वेतन स्तर—12 एवं समकक्ष के पदाधिकारी प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के लिए योग्य होंगे।

3. **वेतनः**—प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों का वेतन उनके मूल वेतन के आधार पर सभी अनुमान्य भत्तों सहित होगी।

4. **प्रतिनियुक्ति की अवधिः**—प्रतिनियुक्ति 03 वर्ष अथवा 59 वर्ष की आयु, जो भी पहले हो, तक के लिए होगी। आवश्यकतानुसार प्रतिनियुक्ति अवधि घटायी या बढ़ायी जा सकती है।

5. **चयन की प्रक्रियाः**—विभागीय समिति द्वारा साक्षात्कार के आधार पर।

6. **पदस्थापन स्थलः**— खान एवं भूतत्व विभाग, बिहार, पटना।

7. **आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि** :— दिनांक 29.08.2025, अपराह्न 05:00 बजे तक।

8. विस्तृत जानकारी हेतु विभागीय वेबसाईट www.mines.bih.nic.in पर देखा जा सकता है।

25/07/25

(भारत भूषण प्रसाद)
सरकार के अपर सचिव

**Government of Bihar**
**Mines & Geology Department**

# Information for the recruitment of post of Additional Director (Mineral Development) and Deputy Director (Mineral Development) on deputation basis

Applications are invited from eligible officers in prescribed format (available on the website) for recruitment on the basis of deputation for sanctioned/vacant post of Additional Director (Mineral Development) for 01 post and Deputy Director (Mineral Development) for 01 post under Mines & Geology Department, Bihar, Patna.

2. **Eligibility:-**Officers working in following offices/fields will be eligible for recruitment on deputation basis:-

(a) i. Officers of Mines & Geology Cadre working under Government of India or other State Governments.

ii. Officers of Public Sector Units related to Mines & Geology under Government of India or other State Governments e.g. Coal India Ltd., Geological Survey of India, Mineral Exploration Corporation Ltd. etc.

(b) For the post of Additional Director (Mineral Development)- Officers of pay level-13 and equivalent,

For the post of Deputy Director (Mineral Development) - Officers of pay level-12 and equivalent.

3. **Payment:-** Payment of deputed officers will be based on their basic pay along with all other allowances.

4. **Period of Deputation:-** Deputation will be for the period of 3 years or until age of 59 years, whichever is earlier. Period of deputation can be increased or decreased on the basis of need.

5. **Process of Selection**:-On the basis of interview by Departmental Committee.

6. **Posting Place**:-Mines & Geology Department, Bihar, Patna.

7. **Last date for receipt of application**:- Date 29.08.2025, till 05:00 PM

8. For detailed informations, departmental website www.mines.bih.nic.in can be visited.

25/07/25

(Bharat Bhushan Prasad)
Additional Secretary to Government